प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001

Department of Communication, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai - 400 001 फोन/Phone: 022 - 2266 0502

5 मार्च 2025

भारतीय रिज़र्व बैंक ने डॉ. अजीत रत्नाकर जोशी को नए कार्यपालक निदेशक के रूप नियुक्त किया

भारतीय रिज़र्व बैंक ने दिनांक 03 मार्च 2025 से डॉ. अजीत रत्नाकर जोशी को कार्यपालक निदेशक के रूप नियुक्त किया है।

कार्यपालक निदेशक के रूप में पदोन्नत होने से पहले, डॉ. जोशी सांख्यिकी और सूचना प्रबंध विभाग में प्रधान परामर्शदाता के रूप में कार्यरत थे।

डॉ. जोशी को सांख्यिकी, सूचना प्रौद्योगिकी और साइबर जोखिम प्रबंधन के क्षेत्रों में तीन दशकों से अधिक का अनुभव है। उन्होंने इंस्टीट्यूट ऑफ डेवलपमेंट एंड रिसर्च इन बैंकिंग टेक्नोलोजी, हैदराबाद में संकाय सदस्य के रूप में भी कार्य किया है। उन्होंने समष्टि-आर्थिक सांख्यिकी और नीतिगत मुद्दों के संकलन से संबंधित कई समितियों और कार्य समूहों के सदस्य के रूप में भी कार्य किया है।

कार्यपालक निदेशक के रूप में डॉ. जोशी सांख्यिकी एवं सूचना प्रबंध विभाग तथा वित्तीय स्थिरता विभाग का कार्यभार संभालेंगे।

डॉ. जोशी के पास नागपुर विश्वविद्यालय से सांख्यिकी में स्नातकोत्तर की डिग्री, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास से मौद्रिक अर्थशास्त्र में पीएचडी, आर्थिक विकास संस्थान, दिल्ली से विकास नीति और आयोजना में डिप्लोमा है तथा वे इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ बैंकिंग एंड फाइनेंस के प्रमाणित एसोसिएट (सीएआईआईबी) हैं।

(पुनीत पंचोली)
मुख्य महाप्रबंधक

प्रेस प्रकाशनी: 2024-2025/2302